तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 23 अक्टूबर 2025

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार



4

पुसौर में कसेर समाज द्वारा निभाई जाती है बड़बड़िया प्रथा




## खबर संक्षेप

### बीच बचाव करने गए युवक से मारपीट

**कोसीर।** कोसीर चौक में लोगों की काफी भीड़भाड़ जमा था लेकिन उस अचानक सननाटा छा गया करीबन 21 अक्टूबर दोपहर करीब 3.30 बजे कोसीर चौक मारपीट होने लगा। सन्नाटे पसर गई बताया जा रहा हथियार तक निकल गया मामला यह है कि पाथीसुकलाल निषाद अपने दोस्त धरम लाल निषाद व नितेशराव आपस मे झगडे विवाद हो रहे थे जिसे छोडाने गए व बीच वचाव करने गए थे। झगड़े को छुड़ा कर वह अपने साथी के साथ चाय पीने के लिए पास के सनतोष हाटल गया था और जब बाहर निकला तो झगड़े को छुड़ाने गए हो कहकर रजीस बनाकर गंदा गंदा गाली देकर जान से मारने की धमकी दी। उसके पश्चात हाथ मुक्के से मारपीट की जिससे पाथी की सिर में व होठों में चोट लगकर खून बह रहा था जिस पर पाथी सुखलाल निषाद तुरंत कोसीर थाना पहुंच कर तीन लोगों प्रकाश शर्मा, नितेश राव एवं रानू मराठा के दारा मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने की लिखित शिकायत दी जिस पर कोसीर थाना ने संज्ञान लेते हुए अपराध पंजीबद कर ली। मामले को विवेचना में ले लिया गया।

### अब ओटीपी नहीं, मोबाइल हैक कर हो रही साइबर लूट

**सुंदरगढ़।** तकनीक के इस युग में अब साइबर ठगों के तरीके और भी खतरनाक हो गए हैं। ओटीपी साझा करने या पिन बताने की जरूरत नहीं अब तो सिर्फ मोबाइल पर आए संदेश देखने भर से खाता हैक हो सकता है। ऐसा ही मामला सुंदरगढ़ शहर के रीजेंट मार्केट क्षेत्र में सामने आया, जहाँ दो युवक मोहम्मद सकलैन और गुलफाम खान के बैंक खातों से लाखों रुपए गायब हो गए। दोनों ने बताया कि सोमवार को उनके मोबाइल पर लगातार ओटीपी वाले संदेश आने लगे। उन्होंने किसी लिंक पर क्लिक नहीं किया था फिर भी कुछ ही देर में पैसे अलग अलग खातों और शॉपिंग ऐप्स में ट्रांसफर हो गए। जब तक वे समझ पाते उनके खाते पूरी तरह खाली हो चुके थे। पीड़ितों ने सुंदरगढ़ टाउन थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस की साइबर सेल ने जांच शुरू कर दी है और विशेषज्ञों के अनुसार यह नया साइलेंट हैकिंग ट्रेंड लोगों के लिए गंभीर खतरे का संकेत है। पुलिस ने नागरिकों से सतर्क रहने और अज्ञात संदेश या ओटीपी नोटिफिकेशन को न खोलने की अपील की है।

### बिजली तार की चोरी आरोपी गिरफ्तार

**सुनदरगढ़।** सरगिपाली पुलिस चौकी क्षेत्र में रात करीब 10 बजे इलेक्ट्रिक तार चोरी की कोशिश में गांववालों की सतर्कता ने चोर को पकड़ने में मदद की। रायडिही गांव के किशोर पटेल अपने खेत से लौट रहे थे, तभी घुघर घाट के पास दो युवक तार लपेटते हुए दिखाई दिए। पास जाकर पहचान करने पर पता चला कि वे समीत माझी पिता शुकुर माझी और उमेश खाति हैं। किशोर ने जब उनसे पूछताछ की तो दोनों युवक धमकाने की कोशिश करने लगे। इसके बाद किशोर गांव जाकर ग्रामीणों को पूरी घटना बताई। ग्रामीणों ने घुघर घाट जाकर देखा कि वहां लगभग 600 मीटर एल्यूमिनियम बिजली तार चोरी हो चुका था। रात में गांव के चौक पर निगरानी के दौरान दोनों युवक साइकिल पर तार लादकर लौटते दिखाई दिए। ग्रामीणों को देखकर उन्होंने तार और साइकिल छोड़कर भागने की कोशिश की, लेकिन समीत माझी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। कोर्ट में आरोपी की जमानत अर्जी खारिज कर दी गई और उसे सुनदरगढ़ जेल भेजा गया। समीत माझी पहले भी 2023 में भस्मा थाना क्षेत्र में चोरी के मामले में जेल जा चुका है। उमेश खाति फिलहाल फरार है।



## लैलूंगा के भुईयांपानी में दीप महोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल सीएम

# संतों की कृपा और जनता के विश्वास से ही संभव हुआ सुशासन का दीपोत्सव : साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दीपावली के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रायगढ़ जिले के लैलूंगा तहसील के ग्राम भुईयांपानी पहुंचे। यहां उन्होंने गुरुधाम में आयोजित दीप महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर अपने आराध्य संत गुरुदेव स्वामी धनपती पंडा एवं श्रीमती प्रेमशीला पंडा की प्रतिमाओं के समक्ष नमन कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की मंगलकामना की।

मुख्यमंत्री साय ने दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा यह दीपोत्सव हर घर में उजियारा और हर जीवन में सुख, समृद्धि, शांति एवं प्रेम का प्रकाश फैलाए। गुरु का आशीर्वाद सदैव हम सब पर बना रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिवमंदिर में जाकर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर एवं वटवृक्ष की पूजा अर्चना भी की। मुख्यमंत्री श्री साय का अपने गुरु स्वामी धनपती पंडा के प्रति गहरा भावनात्मक जुड़ाव रहा है। महज दस वर्ष की आयु से ही वे उनके अनुयायी हैं और आज भी अपने जीवन के हर महत्वपूर्ण निर्णय से पूर्व




गुरु का आशीर्वाद लेना नहीं भूलते। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे इस पवित्र गुरु शिष्य परंपरा का पूर्ण निष्ठा से पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा गुरुदेव के सान्निध्य ने मुझे सेवाए सादगी और समर्पण का मार्ग सिखाया है। उनके संस्कारों और आशीर्वाद से ही मैं जनसेवा के पथ पर आगे बढ़ पाया हूं। गुरुदेव ने सिखाया है कि माता पिता ही हमारे सबसे बड़े गुरु हैं। उनकी सेवा से ही जीवन में सच्चा आनंद और पूर्णता प्राप्त होती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह संतों और प्रदेश की जनता का ही आशीर्वाद है कि एक किसान का बेटा मुख्यमंत्री बना है। उन्होंने बताया कि उनके कार्यकाल के 22 महीनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के विकास के लिए राज्य सरकार सुशासन, पारदर्शिता और विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। किसानों को दो वर्षों का बकाया बोनस प्रदान किया गया। धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 21 क्विंटल प्रति एकड़ कर दी गई है। धान का समर्थन मूल्य 3,100 प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1,000 की आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं। ई गवर्नेंस प्रणाली की शुरुआत हो चुकी है और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। भूमिहीन मजदूर सहायता योजना, तेंदूपत्ता खरीदी 5,500 प्रति मानक बोरा, रामलला दर्शन योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना जैसी अनेक जनहितकारी योजनाएं जनहित सफलतापूर्वक संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं, जिनमें गुरुधाम में 1 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त भवन का निर्माण, महतारी सदन के लिए 29 लाख रुपए के साथ ही गुरुधाम में हाईमास्ट लाइट, तालाब का सौंदर्यीकरण, बोर खनन एवं अन्य स्थानीय आवश्यकताओं के लिए घोषणा की।

इस अवसर पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने उपस्थित सभी लोगों को दीपावली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस संसार में गुरु से बढ़कर कोई नहीं है। गुरु ही वह प्रकाशस्तंभ हैं जो हमें अंधकारमय जीवन से निकालकर ज्ञान, अनुशासन और नैतिकता के पथ पर अग्रसर करते हैं।

## दोहरे हत्याकांड का खुलासा दो संदेहियों को पकड़ा गया



**घरघोड़ा।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कपाटडेरा भेण्ड्रा में सोमवार सुबह हुए दोहरे हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने महज़ 6 घंटे में सुलझा ली। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे गहन पूछताछ जारी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह जघन्य वारदात पुराने विवाद और पैसों के लेन देन के विवाद से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है।

■ पुराने विवाद और रुपए के लेन-देन से जुड़ा मामला

मंगलवार की सुबह ग्राम कपाटडेरा भेण्ड्रा निवासी गुरबार सिंह राठिया 43 वर्ष और उनकी पत्नी मनिता राठिया 30 वर्ष का शव उनके घर के आंगन के बाहर पड़ा देखा गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना घरघोड़ा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश मरकाम, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्दांत तिवारी, डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा, एफएसएल टीम, साइबर सेल और डॉग स्क्वाड भी मौके पर पहुंचे। टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि दोनों की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में नहीं बल्कि हत्या के परिणामस्वरूप हुई है।

मृतकों के परिजनों और आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ में यह जानकारी मिली कि मृतक दंपत्ति का कुछ लोगों के साथ पुराने विवाद और रुपए के लेन-देन को लेकर तनाव चल रहा था। इसी आधार पर पुलिस ने संदेह के घेरे में आए दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर थाना लाया, जहाँ उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। हत्या का अपराध दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों से लगातार पूछताछ की जा रही है।

## पारंपरिक विधि से पूजा कर मनाई गई गोवर्धन पूजा

**राउरकेला।** राउरकेला शहर में आज गोवर्धन पूजा का पर्व पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों, घरों और समाजों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर गोवर्धन पर्वत की प्रतीकात्मक आकृति बनाई और उसकी परिक्रमा की।

शहर के स्टील सेक्टर, बिसरा रोड, छेंड, पानपोष कोएलनगर, वेदव्यास और बसंती कॉलोनी इलाके में विशेष धार्मिक आयोजन किए गए। कई स्थानों पर भजन कीर्तन, सामूहिक प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर पूजा की थाल सजाई और बच्चों ने गोवर्धन पर्व की कहानियां दोहराईं।

इस अवसर पर गोवर्धन पूजा समिति और अहीर युवा मंच जैसे सामाजिक संगठनों ने भी स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और गौ सेवा का



संदेश दिया। पूजा स्थलों पर सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से विशेष प्रबंध किए गए थे। शाम के समय गोवर्धन पर्वत की झांकी और दीपदान कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। राउरकेला का वातावरण पूरे दिन भक्ति और उत्सव की भावना से सराबोर रहा। महिलाओं युवतियाँ व युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला

## सेवा दिवस के रूप में मना शालू जिंदल का जन्मदिन

**रायगढ़।** जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन एवं ओपी जिंदल यूनिवर्सिटी की चांसलर श्रीमती शालू जिंदल का जन्मदिन सोमवार को सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस बार संयोग से दीपावली का त्यौहार भी इस दिन ही रहा, जिससे जन्मदिन की खुशी दोगुनी हो गई। जिंदल फाउंडेशन की टीम ने इस दौरान शहर और गांवों में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन कर हर्षोल्लास के साथ जन्मदिन मनाया और जरूरतमंद लोगों के जीवन में अपनी मदद से रोशनी लाने का प्रयास किया।

जिंदल फाउंडेशन समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने और अंचल के सर्वांगीण विकास के लिए सतत जुटा हुआ है। इस प्रयास में जिंदल फाउंडेशन की चेयरपर्सन श्रीमती शालू जिंदल की अहम भूमिका है। 20 अक्टूबर को श्रीमती जिंदल का जन्मदिन सेवा दिवस 2025 के रूप में मनाया गया। जिंदल फाउंडेशन द्वारा इस अवसर पर अनेक सेवामूलक कार्यों का आयोजन रायगढ़ शहर के साथ ही




विभिन्न गांवों में किया गया। ग्राम डोंगाढकेल स्थित संचार क्रांति वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी बुजुर्गों और ग्राम कोसमनारा में बूढ़ी माई सेवा समिति के केंद्र में रह रहे दिव्यांग बच्चों ने केक काटकर जन्मदिन की खुशियां मनायीं। सभी के लिए भोजन की व्यवस्था के साथ ही आवश्यकतानुसार सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। सांगीतराई स्थित सामाजिक सेवा संस्थान सद्गुरू कृपा अपना घर में रह रहे जरूरतमंदों के साथ भी जिंदल फाउंडेशन की टीम ने जन्मदिन मनाया। समिति के प्रतिनिधि ने अपना आभार जताते हुए कहा की जिंदल फाउंडेशन हमेशा संस्था का सहयोग कर रही है, जिसमें संस्था के जरूरतमंदों को राशन, निः शुल्क चिकित्सा शिविर, दवा वितरण तथा अन्य सहयोग शामिल हैं। चक्रधर बालिका सदन में रह रही बालिकाओं के साथ भी जन्मदिन मनाया गया। ग्राम परसदा में ग्रामीणों के लिए स्वच्छ पेयजल को सुलभ बनाने के उद्देश्य से समर्सिबल पंप, स्टार्टर तथा केबल प्रदान किया गया।

## अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा बिलाईगढ़ का प्रमुख तालाब

**बिलाईगढ़।** नगर का प्रमुख बमबुरहा तालाब आज अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही के कारण तालाब की स्थिति दिनोंदिन बद से बदतर होती जा रही है।

तालाब का पानी लगातार दूषित होता जा रहा हैए जिससे वार्ड क्रमांक 9, 10, 11, 12 एवं 13 के लोगों को निस्तारी के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है नवरात्रि के बाद से अब तक तालाब की ओर किसी ने झांकने तक की ज़हमत नहीं उठाई है। सरोहर धरोहर योजना के अंतर्गत लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद तालाब की हालत जस की तस बनी हुई है। तालाब चढ़ने के मुख्य रास्ते पर पिछले दो से तीन माह से रेत और गिट्टी के ढेर पड़े हुए हैंए जिससे लोगों का आवागमन बेहद कठिन हो गया है तालाब पार के सीसी रोड में जगह जगह बड़ी बड़ी दरारें पड़ गई हैंए जिससे स्थानीय लोगों का चलना फिरना मुश्किल हो गया है। वहीं नहाने के लिए बनी पचरी में गणेश



और दुर्गा विसर्जन के बाद का गाद और गंदगी जमा है। हनुमान जी की प्रतिमा के आसपास और पचरी क्षेत्र में खरपतवार उग आए हैं, जिससे पूरा क्षेत्र बदहाल नज़र आ रहा है वर्षों से तालाब की सफाई नहीं होने के कारण यह पूरा तालाब कमल फूलों और जलीय पौधों से ढका हुआ है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान सिर्फ झाड़ू लेकर फोटो खिंचवाने की औपचारिकता निभाई गई, परंतु वास्तविक सफाई कार्य नहीं किया गया स्थानीय निवासियों ने नगर पंचायत से जल्द से जल्द तालाब की सफाई एवं मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की है।

## राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजेंद्र 12 वर्षों से दीपावली पर वृक्षावली पर्व मना रहा



**सरिया।** राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक ने दीपावली त्यौहार के साथ साथ वृक्षावली पर्व भी मानते आ रहे हैं। उनका यह अभियान विगत 12 वर्षों से चल रहा है। सोमवार को अपने गांव पंचधार में मोहल्ला एवं गांव के लोगों के बीच दीपावली त्यौहार के साथ साथ वृक्षावली पर्व मनाए। जिसे पर्यावरण संरक्षण की एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। यह पल ऐसे समय में की गई जब आमतौर पर दीपावली पर ऊपर लोग पटाखों और शोर गोल में व्यस्त रहते हैं। तब शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोबरसिंघा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के वरिष्ठ व्याख्याता एवं ग्राम पंचधार निवासी शिक्षक राजेंद्र चौहान राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक हैं। उनके द्वारा विगत 12 वर्षों से अपने स्कूल एवं गांव में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षावली पर्व दीपावली के दिन मनाते आ रहे हैं। स्कूल एवं गांव तथा अपने आसपास पौधरोपण कर स्वच्छता एवं हरित वातावरण का संदेश दिया जा रहा है। सोमवार को रात्रि 8 बजे शिक्षक राजेंद्र चौहान ने अपने घर परिवार तथा मोहल्ले व गांव के लोगों के बीच वृक्षावली पर्व मनाया। उनके इस पहल की सराहना करते हुए गांव के सम्मानीय डॉक्टर दिव्येश्वर पटेल शास्त्री शिक्षक ने कहा कि राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक राजेंद्र चौहान विगत 12 वर्षों से दीपावली के दिन वृक्षावाली पर्व मनाते आ रहे हैं।



### सिरकीनारा स्कूल ग्राउण्ड हेलीपैड में सीएम साय का स्वागत

**रायगढ़।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तहसील लैलूंगा के ग्राम सिरकीनारा स्थित स्कूल मैदान हेलीपैड पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन पर लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर निगम रायगढ़ के महापौर जीवर्धन चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक सिदार, सत्यानंद राठिया, पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया।

## लोटा पहाड़ स्टेशन के पास राउरकेला टाटा मेमू ट्रेन डेढ़ घंटे फंसी रही

**राउरकेला।** राउरकेला टाटा मेमू ट्रेन मंगलवार को यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गई, जब यह लोटा पहाड़ स्टेशन के पास एक ही ट्रैक पर चल रही मालगाड़ी के कारण लगभग डेढ़ घंटे से अधिक समय तक रुकी रही। बताया गया कि लोटा पहाड़ स्टेशन से चक्रधरपुर की दूरी महज 10 किलोमीटर है, लेकिन इस दूरी को तय करने में ट्रेन को करीब 1 घंटा 45 मिनट का समय लग गया।

सूत्रों के अनुसार, मालगाड़ी बहुत धीमी गति से आगे बढ़ रही थी, जिसके चलते दोनों ट्रेनें एक ही लाइन पर रुक गईं और ट्रैक पर लंबा जाम लग गया। देरी से परेशान यात्रियों में आक्रोश देखने को मिला। कई यात्रियों ने स्थिति से थककर ट्रेन से उतरकर पैदल चलना शुरू कर दिया। लोटा पहाड़ स्टेशन पर पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण परिवार सहित यात्रा कर रहे यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। एक यात्री ने बताया कि बच्चों और



बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद कठिन थी। इस घटना की जानकारी स्थानीय यात्रियों ने रेलवे अधिकारियों तक पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी अधिकारी की कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हो सकी।

### स्वेच्छा अनुदान से दस हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की घोषणा की

## कला से प्रभावित मुकबधिर का चौधरी ने किया सम्मान

**सरिया।** एक 20 वर्षीय मूक बधिर युवा कलाकार ने अपने मंत्री के लिए एक शानदार चित्र बनाया और उन्हें मंगलवार को भेंट किया। जिसमें मंत्री को बहुत ही प्रसन्नचित मुद्रा में चित्र के माध्यम से उकेरा गया है।

मुख बधिर युवा कलाकार ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी को जब उक्त चित्र भेंट किया तो मंत्री खुश हुए और युवक के कला से प्रभावित हुए। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मुक बधिर युवा कलाकार का फूल माला पहनना का सम्मान किया और अपने स्वेच्छा अनुदान से दस हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की घोषणा की। बता दें कि सरिया से लगे ग्राम भटली के गरीब



परिवार के एक 20 वर्षीय युवा सचिन कर्ष बचपन से मूक बधिर है। इसके बावजूद भी वह कला के क्षेत्र में काम करने का निर्णय लिया और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आकर्षित चित्र अपने हाथों से बनाया और मंगलवार को दीपावली मिलन समारोह में सरिया पहुंचे ओपी चौधरी को उसे उपहार में दिया। कलाकार के प्रतिभा को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। शारीरिक अक्षमता, प्रतिभा और रचनात्मकता की राह में बाधा नहीं आता है। इसी भावना के साथ ग्राम भटली निवासी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी ने बताया कि हमारे गांव के 20 वर्षीय युवा कलाकार सचिन कर्ष के लिए यह एक सपना सच था कि वह कभी अपने मंत्री से मिलकर अपने हाथों से बने आकर्षक चित्र भेंट करेंगे। लेकिन वक्त ने प्रतिभा का सम्मान किया और हमारे वित्त मंत्री ओपी चौधरी के हाथों मूक बधिर सचिन कर्ष सम्मानित हुआ।

### शहीद परिवारों को किया सम्मानित



**रायगढ़।** उर्दना स्थित शहीद स्मृति गार्डन में मंगलवार को पुलिस स्मृति दिवस समारोह का आयोजन वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने शहीदों के सर्वोच्च बलिदान और कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए कहा कि समाज और देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले पुलिसकर्मियों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि जिले के कई शहीदों के नाम पर स्टेडियम और उद्यानों का नामकरण किया जा चुका है तथा शेष शहीदों के नाम पर भी प्रमुख स्थलों का नामकरण किया जाएगा।

## रासेयो का विशेष शिविर प्रारंभ

**पुसौर।** विगत सात वर्षों से अभिनव विद्या मंदिर में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न ग्रामों में सात दिवसीय विशेष शिविर लगाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शाउमावि महलोई में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। उक्त शिविर को प्रारंभ करने हेतु ग्राम पंचायत महलोई के सरपंच तरुण कुमार प्रधान, सेवा निवृत्त शिक्षक जयराम प्रधान, राजू सिदार सरपंच लोहाखान, उप सरपंच कांदागढ़ गौरहरि, व्याख्याता शाउमावि कोडपाली सुधीर शर्मा, शिक्षक सुधीर पंडा, प्रधान पाठक माध्यमिक शाला छपोरा गंगाराम प्रधान, शिक्षक विजय बंजारा, नगर पंचायत पुसौर उपाध्यक्ष उमेश



कुमार साव, आर्ष गुरुकुल के संचालक आचार्य राकेश, अभिनव शिक्षण समिति पुसौर के कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, अभिनव विद्या मंदिर पुसौर के प्राचार्य अक्षय कुमार सतपथी, संजय प्रधान, सहायक कार्यक्रम अधिकारी सनत कुमार विश्वाल शिक्षक शिक्षिकाओं एवं स्वयं सेवकों की उपस्थिति में मां सरस्वती, महात्मा गांधी एवं स्वामी विवेकानंद के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

## खबर संक्षेप

### अंतिम प्रकाशन सूची जारी

**जशपुरनगर।** जिले द्वारा मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत नये मतदान केन्द्र, स्थल परिवर्तन, अनुभाग परिवर्तन, नये अनुभाग का निर्माण हेतु प्रेषित प्रस्ताव का भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के अनुमोदन उपरांत मतदान केन्द्रों की अंतिम रूप से रिटर्निंग ऑफिसर के हैण्ड बुक के अध्याय-02 के निर्देशानुसार तैयार की गई विधानसभावार सूची संबंधित तहसील कार्यालय व स्थानीय निकायों नोटिस बोर्ड, पंचायत भवन आदि के सूचना पटल पर एवं अन्य विहित स्थानों पर आम नागरिकों को अवलोकनार्थ हेतु विगत दिवस 17 अक्टूबर को अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

### वरिष्ठ पत्रकार ओझा के पिता का निधन

**जशपुरनगर।** डाइट के पूर्व प्राचार्य एवं वरिष्ठ पत्रकार एन नवीन ओझा के पिता व्हीएस ओझा का मंगलवार की रात को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से जिले में शोक की लहर फैल गई है। श्री ओझा एक सुसंस्कारित, मिलनसार और सौम्य व्यक्तित्व के धनी थे। वे शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र से लंबे समय तक जुड़े रहे और अपने जीवन में सादगी, ईमानदारी और कर्मनिष्ठा को सर्वोच्च स्थान दिया। उनके स्नेहिल स्वभाव के कारण वे समाज में अत्यंत लोकप्रिय थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के शिक्षकों, पत्रकारों और बुद्धिजीवियों ने गहरा दुख व्यक्त किया। पत्रकारिता जगत, शिक्षाविदों तथा समाजसेवियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्री ओझा का जाना एक युग की विदाई है। उन्होंने समाज में सादगी, अनुशासन और मूल्यों की जो मिसाल कायम की, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनी रहेगी।

### अलग-अलग स्थानों पर धरे गए 10 जुआरी

**जांजगीर-चांपा।** मुलमुला पुलिस ने ग्राम पकरिया में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जुआ खेलते 10 जुआरियों को पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 5 हजार रुपए नगदी बरामद की गई है। थाना मुलमला क्षेत्र के ग्राम पकरिया में दो अलग अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान 10 जुआरी पुलिस की पकड़ में आए। जुआरियों के कब्जे से नगदी रकम 5040 रुपए एवं 52 पत्ती ताश बरामद कर जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पकड़े गए जुआरियों में मनीराम मेहर उम्र 50 वर्ष, अर्जुन यादव उम्र 50 वर्ष, इंदल यादव उम्र 37 वर्ष , मुन्ना यादव उम्र 49 वर्ष, भुवन भास्कर उम्र 49 वर्ष, राजु केंवट उम्र 32 वर्ष, रमेश टण्डन उम्र 40 वर्ष, श्रीपाल सोनवानी उम्र 34 वर्ष, सक्कुराम खुसरो उम्र 50 वर्ष एवं अजय टण्डन उम्र 55 वर्ष शामिल है।

### गुमशूदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने वाला पति ही निकला हत्यारा

**जांजगीर-चांपा।** पुटपुरा गांव में हुई हत्या की गुत्थी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझा ली है। पति ने ही तालाब में डूबा कर अपनी पत्नी की हत्या की थी। इसके बाद उसने ही पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई थी। नशा करने से मना करने पर नाराज होकर आरोपी पति ने वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 अक्टूबर को बाजार पारा पुटपुरा निवासी भरत लाल राठौर ने थाना में अपनी पत्नी के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। भरत लाल ने पुलिस को सूचना दी कि 16 अक्टूबर की रात उसकी पत्नी 48 वर्षीय सरस्वती राठौर बिना बताए घर से कहीं चली गई है।

दीपों की जगमगाहट से नहाया जशपुर, लक्ष्मी पूजन से महका हर आंगन

# शहर से लेकर गांव तक दीपों की रौनक, महिलाओं ने सजाया रंगोली से आंगन, गूंजे पटाखों के धमाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

दीपों के पर्व दीपावली ने मंगलवार की रात जशपुर जिले को रोशनी और उल्लास से भर दिया। मां लक्ष्मी को घर बुलाने के लिए लोगों ने अपने घरों को दीपमालाओं, झालरों और रंगीन रोशनी से सजाया। शाम ढलते ही पूरा शहर रोशनी से नहा उठा।

घर-घर मां लक्ष्मी और भगवान गणेश की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मान्यता है कि दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजन से पूरे वर्ष सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है। पूजा उपरांत घरों के आंगन में दीपों की कतारें जगमगा उठीं और मिठाइयों की खुशबू से वातावरण महक उठा।दीपावली की तैयारियां जिले में कई सप्ताह पहले से चल रही थीं। लोगों ने घरों की सफाई, दीवारों की पुताई और दरवाजों की सजावट कर त्योहार का स्वागत किया। हर घर में उल्लास और आस्था का माहौल रहा।



### ग्रामीण अंचलों में सोहरई पर्व की धूम

दीपावली के साथ ही जिले के ग्रामीण अंचलों में पारंपरिक सोहरई पर्व की शुरुआत हो गई है, जो पांच दिनों तक उल्लासपूर्वक मनाया जाएगा। आदिवासी समाज दीपावली को अपनी परंपरागत शैली में सोहरई के रूप में मनाता है। इस दौरान पशुओं की पूजा और दीवारों पर प्राकृतिक रंगों से चित्रकारी की जाती है।

### खूब फूटे पटाखे, बच्चों ने मनाई दिपावली

दीपावली की रात पटाखों और आतिशबाजी की चमक से आसमान जगमगा उठा। बच्चों और युवाओं ने अनार, चकरी, रॉकेट और बम जलाकर खुशी का इजहार किया। शहर की गलियों में देर रात तक गूंजते धमाकों और हंसी-खुशी की आवाजों ने पर्व को और खास बना दिया। सोमवार की तुलना में मंगलवार की रात आतिशबाजी का अधिक जोश देखने को मिला।

### महिलाओं ने रंगोली से किया स्वागत

महिलाओं ने घरों के आंगन को रंग-बिरंगी रंगोलियों से सजाकर दीपावली का स्वागत किया। कहीं 'ॐ' और 'स्वास्तिक' के शुभ प्रतीक, तो कहीं ढोल-नगाड़े और पशु-पक्षियों की आकृतियों वाली रंगोली ने लोगों का मन मोह लिया। घरों के बाहर दीपों की कतार और रंगोली का संगम दृश्य को मनमोहक बना रहा था।

# एनएच-43 पर मिली युवक की बुरी तरह जली हुई लाश



**जशपुरनगर।** जिले से होकर गुजरने वाले गुमला-कटनी नेशनल हाईवे क्रमांक 43 पर ग्राम बालाछापर के पास सोमवार की सुबह एक अज्ञात युवक की बुरी तरह जली हुई लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दीपावली के दिन सुबह-सुबह इस वारदात की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग दहशत में आ गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने सड़क किनारे झाड़ियों के पास जले हुए शव को देखा और तत्काल सिटी कोतवाली पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी करते हुए फॉरेंसिक टीम को जांच के लिए बुलाया।

### चल रही है जांच

मृतक की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। शव का पीएम करवा लिया गया है।

-**आशीष तिवारी**, टीआई, सिटी कोतवाली जशपुरनगर

# मुख्यमंत्री ने बगिया में सुनी लोगों की समस्या



**जशपुरनगर ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को अपने गृह ग्राम बगिया में जनदर्शन आयोजित कर आमजनों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को आवेदनों का गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय बगिया में मुख्यमंत्री से आम नागरिकों ने मांगों एवं समस्याओं को रखा कुछ आवेदनों में तत्काल समाधान किया गया। जनदर्शन में आए ग्रामीणों, महिलाओं, किसानों, छात्रों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# दिवाली में रंगोली से सजा संत जोसेफ स्कूल का प्रांगण




**कांसाबेल।** संत जोसेफ अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य फादर एडमोन बड़ा की अगुवाई में संगीत एवं रंगोली की प्रतियोगिता रखी गई।

कक्षा पहली से तीसरी तक के विद्यार्थियों में अपने ग्रुप के अनुसार संगीत में भाग लेकर प्रथम स्थान पर नीला ग्रुप द्वितीय स्थान पर पीला ग्रुप तृतीय स्थान पर लाल एवं चौथे नंबर पर हर ग्रुप रहा संगीत के साथ विद्यालय में रंगोली की प्रतियोगिता भी रखी गई यह प्रतियोगिता छात्रों के रचनात्मक, कलात्मक, अभिव्यक्ति और सौंदर्य बोध को प्रोत्साहन करने का एक शानदार मंच है छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने और सहयोग की भावना विकसित करने का अवसर मिलता है यह पारंपरिक और आधुनिक शैलियों का मिश्रण को प्रदर्शित करने का अवसर है जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी ग्रुप में रहकर कक्षा के अनुसार भाग लिए कक्षा 4 से पांचवी में रंगोली से दिया बनाकर उसकी सजावट करना रहा जिसमें प्रथम स्थान लाल ग्रुप द्वितीय स्थान हर ग्रुप तृतीय स्थान नीला ग्रुप रहा इसी प्रकार कक्षा छठवीं से आठवीं के विद्यार्थियों को प्रदूषण रहित दिवाली विषय पर रंगोली बनाया गया जिसमें क्रमशः प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पीला ग्रुप लाल ग्रुप हर ग्रुप रहा। प्रतियोगिता को आगे बढ़ाते हुए कक्षा नवी एवं दसवीं के विद्यार्थियों में भारतीय परंपरा के विषय पर चित्रात्मक रंगोली रहा जिसमें प्रथम स्थान हरा ग्रुप, द्वितीय स्थान पीला ग्रुप, तृतीय स्थान लाल ग्रुप रहा। कुल मिलाकर इन चारों ग्रुप में प्रथम स्थान लाल ग्रुप, द्वितीय स्थान नीला ग्रुप, तृतीय स्थान हरा ग्रुप एवं चौथे नंबर पर पीला ग्रुप रहा इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में विद्यालय में उपस्थित निर्णय कर्ता के रूप में सिस्टर पुष्पा, ब्रदर निलेश एवं श्री अक्षत तिग्गा रहे । प्रतियोगिता को सुचारू रूप से संपन्न कराने में मिस करुणा टोप्पो, मिस पुण्य, मिस स्नेहा, मिस अनुकंपा, मिस उमा, मिस विनीता, भूपेंद्र चक्रेश, अश्विन लकड़ा, सचिन केरकेट्टा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रजत जयंतीः जुमाईकेला में की गई हाट बाजार की साफ-सफाई




**जशपुरनगर।** जिले में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत रजत जयंती वर्ष 2025-26 के आयोजन के तहत हाट बाजार की साफ सफाई ग्रामीणों के श्रमदान से किया जा रहा है। जिसके तहत आज ग्राम पंचायत जुमईकेला की सरपंच बैंजंति टोप्पो के नेतृत्व में जुमाईकेला के बाजार डांड का श्रमदान से साफ सफाई करके ग्रामीणों नें स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सरपंच बैंजंति टोप्पो ने कहा कि ष्स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी आदत और जिम्मेदारी बननी चाहिए।

# आम के बगीचे में चल रहा था जुआ, लोदाम पुलिस ने मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

जशपुर जिले की लोदाम पुलिस ने मंगलवार को एक सटीक मुखबिर सूचना पर तेज और सटीक कार्रवाई करते हुए जुआ खेलने वालों पर शिकंजा कस दिया।ग्राम कुल्डा के आम बगीचे में चटाई बिछाकर चल रहे जुआ फड़ पर पुलिस ने घेराबंदी कर छापा मारा और मौके से 9 जुआड़ियों को ताश के पत्तों और नगदी के साथ रंगे हाथ पकड़ लिया।मौके से 14 हजार 190 रुपए नकद, एक ताश की गड्डी, दो चटाई, छह मोबाइल फोन और चार मोटरसाइकिलें जब्त की गईं।

■ 9 जुआरी गिरफ्तार, 14 हजार 190 रुपए नकद, ताश की गड्डी, मोबाइल और बाइक जब्त

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 अक्टूबर 2025 को थाना लोदाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम कुल्डा के आम बगीचे में कुछ लोग चटाई बिछाकर ताश-पत्ती से जुआ खेल रहे हैं और रुपए-पैसे का दांव लगा रहे हैं।इस पर थाना लोदाम के अधिकारियों ने तुरंत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को सूचना दी।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और मार्गदर्शन में थाना प्रभारी हर्षवर्धन चौरासे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई।इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम कुल्डा के आम बगीचे की घेराबंदी की और मौके पर छापा मारा। वहां एक आम के पेड़ के नीचे चटाई बिछाकर जुआ खेलते नौ लोगों को पुलिस ने मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने जुआ खेलते हुए महेंद्र साहू, उम्र 40 वर्ष, निवासी लोदाम,रंधु राम, उम्र 40 वर्ष, निवासी लोदाम, उमेश लोहार, उम्र 60 वर्ष, निवासी मेराल, थाना जारी, जिला गुमला (झारखंड),सतीश राम, उम्र 35 वर्ष, निवासी कुल्डा, लोदाम,शिवधनी प्रसाद, उम्र 65 वर्ष, निवासी लोदाम,परवेश साहू, उम्र 34 वर्ष, निवासी लोदाम,परमेश्वर राम, उम्र 42 वर्ष, निवासी लोदाम,राजकुमार गुप्ता, उम्र 38 वर्ष, निवासी लोदाम एवं मारकंडे सिंह, उम्र 50 वर्ष, निवासी लोदाम सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से जुआ फड़ का 14 हजार 190 रुपए नकद, 52 पत्ती ताश की गड्डी, दो चटाई, छह एंड्रॉयड मोबाइल फोन और चार मोटरसाइकिलें बरामद की गईं।



### जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज

पुलिस ने बताया कि सभी नौ जुआड़ियों के खिलाफ थाना लोदाम में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम की धारा 3 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।मामले की विवेचना की जा रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई भी जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी हर्षवर्धन चौरासे, सहायक उप निरीक्षक सहबीर भगत, प्रधान आरक्षक प्रदीप लकड़ा, आरक्षक महेश्वर यादव, हेमंत कुजूर, सुमित कुजूर और जशवंत मिंज की अहम भूमिका रही। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा कि लोदाम क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेलते 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। जुआड़ियों से 14 हजार 190 रुपए नकद, ताश पत्तियां, मोबाइल फोन और मोटरसाइकिलें जब्त की गई हैं।जिले में जुआ और अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। किसी को भी कानून तोड़ने की छूट नहीं दी जाएगी।

# चांदनी-बिहारपुर में बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप

**अम्बिकापुर/बिहारपुर।** गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व से सटे चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में बाघ की धमक से एक बार फिर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर वन अमला अलर्ट हो गया है तथा बाघ के भ्रमण की जानकारी एकत्र कर रहा है। गुरु घासीदास नेशनल पार्क के रास्ते सालों भर बाघ सहित अन्य हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही होते रहती है। पिछले डेढ़ सालों से हिंसक वन्य जीवों की हलचल तेज हुई है। बाघ सहित अन्य हिंसक वन्य जीवों की मौजूदगी को सरगुजा के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटा होने के कारण पूर्व में भी गुरु घासीदास नेशनल पार्क के रास्ते बाघ सरगुजा पहुंचते थे तथा विभिन्न जंगलों का भ्रमण कर वापस लौट जाते थे लेकिन गुरु घासीदास नेशनल पार्क और तमोर पिंगला अभ्यारण्य में अनुकूल परिस्थतियों के निर्मित होने के बाद अब बाघ सहित अन्य हिंसक जीव यहां लम्बे समय तक रुक रहे है। डेढ़ महीने पूर्व भी गुरु घासीदास टाईगर रिजर्व से सटे मोहरसोप जंगल सहित आस पास के क्षेत्रों में बाघ के पदचिन्ह देखे गए थे। दो दिन पूर्व बसनारा जंगल में बाघ का पदचिन्ह देखा तो वन अधिकारियों को सूचना दी। वन अधिकारियों ने पदचिन्ह का निरीक्षण कर जंगल में बाघ के मोजूद होने की पुष्टि की थी। शनिवार को रसौकी जंगल में जबकि रविवार को गढ़वतिया देवी धाम के आस रेड़ीया नदी किनारे बाघ का पदचिन्ह पाया गया है। टाइगर रिजर्व से सटे जंगल एवं नदी किनारे पदचिन्ह मिलने पर वन अमला सतर्क हो गया है तथा बाघ के भ्रमण की जानकारियां एकत्र कर रहा है।

# शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

देश की आंतरिक सुरक्षा और जनसेवा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को मंगलवार को जशपुर पुलिस लाईन में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। पुलिस स्मृति दिवस पर आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों के साथ जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान वातावरण भावनाओं से भरा रहा। परेड ग्राउंड में जब शहीदों के नाम पुकारे गए तो हर आंख नम हो उठी।

■ पुलिस स्मृति दिवस पर झलका समर्पण और गर्व

पुलिस लाईन परिसर में आयोजित इस स्मरणीय कार्यक्रम में जिले के 56 शहीद परिवारों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर विधायक रायमुनी भगत उपस्थित रहीं। उनके साथ नगर पालिका अध्यक्ष अरविन्द भगत, पद्मश्री जागेश्वर राम यादव, कलेक्टर रोहित व्यास, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, एसडीएम विश्वास राव मस्के, एसडीओपी जशपुर चंद्रशेखर परमा, एसडीओपी कुनकुरी विनोद मंडावी, डीएसपी मंजूलता बाज और डीएसपी आशा लकड़ा सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और पुलिसकर्मी उपस्थित थे। परेड की कमान रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे ने संभाली। उनके साथ छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के एपीसी अलिक जॉर्ज मिंज और वीरेंद्र तिर्की कमांडर के रूप में मौजूद रहे। परेड दलों ने कदमताल करते हुए शहीद स्मारक को सलामी दी।



### 191 शहीदों के नाम का स्मरण

कार्यक्रम में पूरे भारतवर्ष के उन 191 पुलिस जवानों के नामों का स्मरण किया गया, जिन्होंने 1 सितंबर 2024 से 31 अगस्त 2025 के बीच अपने कर्तव्यपालन के दौरान प्राणों की आहुति दी।अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और परिजनों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।

### क्यों मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स (हाटनला) क्षेत्र में भारतीय पुलिस की एक छोटी टुकड़ी पर चीनी सेना ने अचानक हमला कर दिया था। इस संघर्ष में हमारे 10 साहसी पुलिस जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी। उनके इस सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में हर वर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस पुलिस बल की वीरता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक बन गया है। शहीद परिवारों से आत्मीय संवाद कार्यक्रम में विधायक रायमुनी भगत और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने शहीद परिवारों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि हम सब एक परिवार का हिस्सा हैं। अपने आपको कभी अकेला न समझें। आपकी हर समस्या के समाधान के लिए पुलिस विभाग और प्रशासन सदैव तत्पर रहेगा। विधायक और एसएसपी ने सभी शहीद परिजनों को शॉल, प्रतीक चिन्ह और पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी परिजनों को पुलिस लाईन में स्नेह भोज कराया गया और उन्हें ससम्मान उनके गंतव्य स्थान तक पहुंचाया गया।

# जनसहयोग से तैयार हुआ खेल मैदान, क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव


छत्तीसगढ़ की ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी क्रिकेट प्रतिभाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए पत्थलगांव जनपद पंचायत में सरपंच संघ के अध्यक्ष रोशन प्रताप सिंह ने चन्दागढ़ में जनसहयोग से भव्य खेल मैदान तैयार कराने के बाद ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया है।

लगभग एक महीने तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में जशपुर सहित रायगढ़ और सरगुजा जिले की 32 टीमों ने अपना पंजीकरण कराया है। इस वृहद आयोजन को लेकर पत्थलगांव जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत के सरपंच और खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ के दौरान सरगुजा से सीतापुर और तमता की क्रिकेट टीम के बीच काफी रोमांचक मुकाबला हुआ। इस आयोजन में दोनों टीम के खिलाड़ी 73 - 73 रनों में सिमट कर आउट हो जाने के बाद निर्णायक मंडल को सुपर ओवर के माध्यम से जीत हार का फैसला करना पड़ा, जिसमें तमता की क्रिकेट टीम ने अपनी रोमांचक जीत दर्ज कराई।











# गदर के बाद अब गबरू बनेंगे सनी देओल

**मुंबई।** रविवार 19 अक्टूबर को अभिनेता सनी देओल ने अपना 68वां जन्मदिन मनाया। इस खास अवसर पर अभिनेता की नई फिल्म की घोषणा हुई है, जिसके फर्स्ट लुक में सनी पाजी प्रभावी अंदाज में नजर आ रहे हैं। अभिनेता सनी देओल की आगामी फिल्म का नाम 'गबरू' है। इस फिल्म को शशांक उदापुरकर ने लिखा और निर्देशित किया है। अभिनेता ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है। इसे साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, 'शक्ति वो नहीं है जो आप दिखाते हैं, शक्ति वो है जो आप करते हैं! आप सभी के प्यार और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद।

लाइफ Style

# परिणीति

## छोटी दिवाली को किया बेबी बॉय का वेलकम

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा के घर छोटी दिवाली के खास मौके एक बड़ी खुशखबरी सुनने को मिली है। इस कपल ने इस शुभ अवसर पर अपने घर में नन्हे कदमों का वेलकम किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

परिणीति चोपड़ा के पति राघव चड्ढा ने अपने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को बताते हुए एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बेटे को जन्म देने की खबर दी है और साथ ही एक खूबसूरत कैप्शन लिखा है। इस गुड न्यूज को शेयर करते ही कपल के फैंस खुशी से झूम उठे हैं और कमेंट सेक्शन में बधाई की झड़ी लग गई है। एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और पॉलिटिशियन राघव चड्ढा काफी समय से अपने घर पर नन्हे मेहमान के आने का इंतजार कर रहे थे और दोनों इसके लिए तैयारियों में लगे हुए थे। वहीं, रविवार सुबह ही एक्ट्रेस को हॉस्पिटल में एडमिट करने की खबरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई, जिसके बाद से ही फैंस बेसब्री से खुशखबरी का इंतजार कर रहे थे। वहीं, राघव ने इंस्टाग्राम पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'आखिरकार वो आ गया! हमारा बेटा और सच में हमें पहले की अपनी जिंदगी याद नहीं रहती! बाहें पूरी, हमारे दिल और भी पूरे। पहले हमारे पास हम दोनों थे, अब हमारे पास सबकुछ है। बहुत ही आभार के साथ परिणिती और राघव।'' आपको बता दें परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा ने इस साल 25 अगस्त को अपनी प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज दी थी।



हॉलीवुड मसाला



# चेहरे पर नकाब पहने दिखीं किम

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन मॉडल और एक्ट्रेस किम कार्दशियन इस समय सुर्खियों में हैं। वजह है उनका अतंरगा आउटफिट। एक्ट्रेस लॉस एंजिल्स के एकेडमी म्यूजियम ऑफ मोशन पिक्चर्स में आयोजित पांचवें वार्षिक एकेडमी म्यूजियम गाला समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान वो बोल्ड लुक में नजर आईं, लेकिन उन्होंने अपना चेहरा पूरी तरह से ढक रखा था। किम अपने अनोखे और अलबेले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। एक बार फिर से एक्ट्रेस ने अपने नाटकीय अंदाज से सबको चौंका दिया। उन्होंने बेज रंग का आउटफिट पहना था और उनका चेहरा पूरी तरह से ढका हुआ था।




# द कलेक्टर और डॉक्टर डूलिटिल से मिली प्रसिद्धि

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश अभिनेत्री सामंथा एगर, जिन्हें द कलेक्टर में ऑस्कर-नामांकित भूमिका और डॉक्टर डूलिटिल में उनके यादगार अभिनय के लिए जाना जाता था। उनका 86 वर्ष की आयु में लॉस एंजिल्स में निधन हो गया। उनकी बेटी, अभिनेत्री जेना स्टर्न ने अपनी मां के अंतिम क्षणों को याद करते हुए तस्वीरें शेयर करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। सामंथा एगर का जन्म साल 1939 में हुआ था। अपनी दौर की वो सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में से एक थीं। उनकी सबसे चर्चित फिल्म साल 1965 में आई, जिसका नाम था 'द कलेक्टर', जो मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थी। इसमें उन्होंने टेरेंस स्टैम्प के साथ अभिनय किया था। मिरांडा ग्रे की उनकी दिलकश भूमिका के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए अकादमी पुरस्कार नामांकन, साथ ही गोल्डन ग्लोब और कान फिल्म समारोह में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।



# किसिंग सीन पर चली सेंसर बोर्ड की कैंची

**मुंबई।** मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म 'थामा' को सेंसर बोर्ड ने फिल्म को यूए सर्टिफिकेट दिया है, यानि बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी उम्र के लोग इस फिल्म का मजा थिएटर्स में जाकर ले सकेंगे। लेकिन, साथ ही साथ कई जगहों पर बदलाव भी किए गए हैं, जो हो सकता है कि कुछ सीन्स का मजा फीका या आधा कर दें। सीबीएफसी ने तीन जगह पर ऑडियो कट लगाया है और एक सीन बदलने को कहा है। इसके अलावा भी कई जगहों पर छोटे-बड़े बदलाव किए गए हैं। सेंसर बोर्ड ने फिल्म के एक सीन में खून पीने की आवाज को कम किए जाने को कहा है। इसके अलावा एक जगह पर 'अलेक्जेंडर' की जगह 'सिकंदर' शब्द इस्तेमाल करने को कहा। फिल्म में एक जगह पर 'अश्वत्थामा' शब्द का इस्तेमाल किया गया है, जिसे बोर्ड ने म्यूट करने को कहा है।




# ली जंग ने शेयर की शाहरुख संग सेल्फी

**मुंबई।** शाहरुख खान सऊदी अरब के रियाद में जॉय फोरम इवेंट शामिल हुए। इस इवेंट में सलमान, आमिर खान भी मौजूद थे। लेकिन, स्क्विड गेम सीरीज एक्टर ली जंग जे जब शाहरुख खान के साथ सेल्फी शेयर की तो फैंस की खुशी ठिकाना नहीं रहा। यूजर्स ने इस सेल्फी पर जमकर रिएक्शन दिए हैं। शनिवार रात 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग जे शाहरुख खान के साथ इंस्टाग्राम पर एक सेल्फी शेयर की। इस सेल्फी के साथ एक कैप्शन लिखा, 'आइकन शाहरुख खान के साथ होने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं।' सेल्फी में जी जंग और शाहरुख मुस्कुरा रहे हैं। फैंस को यह सेल्फी काफी पसंद आई है। यूजर्स ने जब शाहरुख खान और 'स्क्विड गेम' सीरीज एक्टर ली जंग की सेल्फी देखी तो इसे सदी का सबसे बड़ा कोलैब बताया।

टीवी मसाला

# बिग बॉस-19 में दिवाली बनी इमोशनल नाइट

**नई दिल्ली।** सलमान खान के शो 'बिग बॉस 19' में दिवाली के मौके पर कई धमाके देखने को मिलेंगे तो इमोशनल मोड़ भी आएगा। शनिवार को 'वीकेंड के वार' में सलमान खान ने फरहाना भट्ट और मालती चाहर सहित कई कंटेस्टेंट की क्लास लगाई। यह एपिसोड खास रहा क्योंकि रविवार वीकेंड के वार में प्रतिभागियों के परिवार वालों ने उनके लिए विशेष मैसेज भेजे हैं। इस एपिसोड में घरवालों के आंसू निकल रहे हैं, और इसका कारण सलमान की डांट नहीं, बल्कि परिवार वालों की तरफ से भेजे गए तोहफे और मैसेज हैं। शो का नया प्रोमो रिलीज हुआ है जिसमें फिल्म 'थामा'के लीड एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी, रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना नजर आ रहे हैं। प्रोमो में आयुष्मान खुराना कहते हैं कि आपके लिए बिग बॉस ने एक मेला लगाया है, जिसमें कई तोहफे हैं और ये आपके घर से आए हैं। प्रोमो में शहबाज को रोते हुए दिखाया गया है, क्योंकि वे अपनी बहन शहनाज गिल को देखकर इमोशनल हो जाते हैं। शहनाज कहती हैं कि वे घर में बहुत अच्छा खेल रहे हैं और उन्हें स्क्रीन पर देखकर सभी लोग खुश हैं, लेकिन वहां से आने की जल्दी न करें, क्योंकि फिलहाल घरवाले उनको मिस नहीं कर रहे हैं। इसके बाद फरहाना की मां का मैसेज दिखाया जाता है जिसमें उनकी मां कहती हैं, 'बेटा, तुम अकेले ही बहुत अच्छा खेलती हो शेरनी हो तुम शेरनी, बस जीत के आना.'' मां का मैसेज सुनकर फरहाना फूट-फूट कर रोती हैं। शो का पूरा माहौल दीपावली पर इमोशनल हो जाता है।



# मल्लिका ने बढ़ाया शो 'पति पत्नी और पंगा' का पारा

**मुंबई।** मल्लिका शेरावत काफी समय से फिल्मों से दूर हैं। हाल ही में वह शो 'पति पत्नी और पंगा'में नजर आईं। इस शो में उन्हें कुछ प्रतियोगियों के साथ फ्लर्ट करते देखा गया। यूजर्स ने मल्लिका के अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर मजेदार रिएक्शन दिए हैं। इन दिनों टीवी पर एक रियलिटी शो 'पति पत्नी और पंगा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो में कई सेलिब्रिटी कपल शामिल हैं। हाल ही में बतौर गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत भी इस शो का हिस्सा बनी हैं। मल्लिका के आने से 'पति पत्नी और पंगा' का पारा बढ़ गया। मल्लिका शेरावत ने जब शो में एंट्री ली तो कुछ पुरुष प्रतियोगी उनसे फ्लर्ट करते दिखे। जब मल्लिका ने स्वरा भास्कर के पति के गालों को खींचा तो अभिषेक कुमार नाराज हो गए। इस बात पर शो के होस्ट मुनव्वर फारूखी से शिकायत करते दिखे। जब अभिषेक कुमार शिकायत कर रहे थे तो मल्लिका उनके करीब आती हैं और उनके गालों को हाथ लगा देती हैं। इस पर अभिषेक शरमा जाते हैं। यूजर्स ने भी अभिषेक कुमार और मल्लिका शेरावत वाले वीडियो पर रिएक्शन दिए हैं।



# कपूर और पटौदी परिवार ने मनाई दिवाली सैफ-करीना और करिश्मा ने दिए पोज

मुंबई। त्योहारों के मौसम में कई बॉलीवुड सेलेब्स अपने-अपने तरीके से दिवाली मना रहे हैं। हाल ही में कई सितारे एक्टर रवि दुबे और सरगुन मेहता की दिवाली पार्टी में पहुंचे और अपने लुक से महफिल को रौशन किया। इसी तरह से अब बॉलीवुड के सबसे मशहूर परिवार कपूर और पटौदी परिवार ने दिवाली मनाई है।

***कपूर परिवार की दिवाली :*** सोशल मीडिया पर वायरल एक पोस्ट में देखा जा सकता है कि कपूर परिवार की महिलाओं ने दिवाली मनाई है। तस्वीर में नीतू कपूर ने नीली रंग की ड्रेस पहनी है। आलिया भट्ट ने गोल्डन साड़ी पहनी है। करीना कपूर हल्की फिरोजी ड्रेस में नजर आई हैं। वहीं, करिश्मा कपूर काले-सफेद ड्रेस में खूबसूरत लग रही हैं। एक दूसरी तस्वीर में करीना कपूर, नीतू कपूर के साथ पोज देते हुए पाउट बना रही हैं।



***पटौदी परिवार की दिवाली :*** वहीं,पटौदी परिवार की दिवाली मनाते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर आई हैं। एक तस्वीर में सैफ अली खान लाल और क्रीम कलर के धोती कुर्ता में नजर आ रहे हैं। एक तरफ लाल ड्रेस में उनकी बहन सोहा अली खान हैं तो दूसरी तरफ करीना कपूर पोज दे रही हैं। इस तस्वीर में कुणाल खेमू भी नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में सैफ अली खान सोहा अली खान के साथ पोज दे रहे हैं। दोनों पोस्ट को कई यूजर्स लाइक कर रहे हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। ज्यादातर यूजर्स ने सेलेब्स को दिवाली की शुभकामनाएं दी हैं। कई यूजर्स ने दिल वाला इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने लिखा है 'बॉलीवुड का शाही परिवार।'

***कपूर और पटौदी परिवार में नए सदस्य :*** आपको बता दें कि आलिया भट्ट की शादी कपूर परिवार में रणबीर कपूर के साथ हो गई है, इसलिए वह कपूर परिवार का हिस्सा बन गई हैं। इसी तरह से करीना कपूर की शादी पटौदी परिवार में सैफ अली खान के साथ हुई है, इसलिए वह अब पटौदी परिवार का हिस्सा हैं।

# निखिल की दिवाली पार्टी में पहुंचीं नरगिस जेनेलिया ने रितेश संग बढ़ाई रौनक

मुंबई। इन दिनों बॉलीवुड में कई दिवाली पार्टी चल रही हैं। हाल ही में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में कई फिल्मी सितारे नजर आए। शनिवार रात फिल्ममेकर निखिल आडवाणी ने भी दिवाली पार्टी दी, इसमें रितेश, जेनेलिया और नरगिस फाखरी के अलावा कई एक्टर्स पहुंचे। निखिल आडवाणी की दिवाली पार्टी में सबसे पहले नरगिस फाखरी को देखा गया। वह ऑरेंज कलर के लहंगे में पार्टी में शामिल हुईं। पैपराजी को नरगिस ने हैप्पी दिवाली कहा। साथ ही फोटो पोज भी आराम से दिए। जेनेलिया डिसूजा ने भी दिवाली पार्टी में पति रितेश देशमुख के साथ शिरकत की है। वह सुंदर सूट-सलवार में पार्टी में आईं। रितेश ने पार्टी में एंट्री लेते वक्त जेनेलिया का हाथ थामा हुआ था। दोनों अक्सर ही फैंस के लिए क्यूट कपल गोल सेट करते हैं।



## दिवाली पर सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे

# माधुरी को अपनी दुकान पर देख चौंकी दुकानदार, तृप्ति ने लोकल शॉप से लिए जूते

***मुंबई।** दिवाली पर आम लोग लोकल दुकानों से शॉपिंग करते हैं, लेकिन कुछ बॉलीवुड सेलेब्स को भी ऐसा करते देखा गया। अपनी दुकान पर माधुरी दीक्षित से लेकर तृप्ति डिमरी तक को देखकर दुकानदार हैरान हो गए। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हैं। इस पहल के जरिए सेलेब्स 'वोकल फॉर लोकल' कैंपेन को प्रमोट करते दिखे, यह भारत सरकार की दिवाली पर एक खास पहल है।*



**तृप्ति डिमरी :** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया, इसमें वह एक लोकल दुकान से जूते खरीदती दिखीं। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए वीडियो के साथ एक कैप्शन भी लिखा है। वह लिखती हैं, 'उन लोगों से खरीदारी करने में कुछ खास बात होती है जो आपका नाम, आपकी पसंद और आपके मूड को जानते हैं। इस दिवाली, मैं लोकल चुन रही हूं क्योंकि हर छोटी दुकान का दिल बड़ा होता है।'



**रुपाली गांगुली :** तृप्ति डिमरी, माधुरी दीक्षित के अलावा अभिनेत्री रुपाली गांगुली ने भी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक साड़ी की दुकान पर पहुंचीं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा है, 'एक त्योहार के मौसम से दूसरे त्योहार के मौसम तक, हमारी स्थानीय दुकानें दिवाली को बेहतर बनाने में कभी असफल नहीं होतीं। इस बार खरीदेंगे वहीं से, अपनों से। चलो उत्सव मनाते हैं। चलो स्थनीय दुकानों से खरीदारी करते हैं।'



**सुनील ग्रोवर :** अभिनेता सुनील ग्रोवर एक गिफ्ट शॉप पर पहुंचे हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली पर सब कुछ नया लेना जरूरी नहीं, बस अपने लोगों से लेना जरूरी है। लोकल दुकानों से शॉपिंग कीजिए। लोकल दुकानों को सेलिब्रेट कीजिए।'



**माधुरी दीक्षित :** माधुरी दीक्षित ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह एक लोकल दुकानदार के साथ सेल्फी लेती हैं। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा है, 'दिवाली की रोशनी तभी पूरी लगती है, जब खुशी अपनों के साथ बांटी जाती है। चलो अपनी लोकल दुकान, अपने लोगों का समर्थन करें और एकता के प्रकाश को फैलाएं।'

**शंकर महादेवन :** गायक शंकर महादेवन एक मिठाई की दुकान पर पहुंचे हैं। उन्होंने इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, 'मिठाई की मिठास बढ़ जाती है, जब वह अपने शहर की लोकल दुकान से आती है। इस दिवाली वोकल फॉर लोकल के साथ अपनी खुशियों का सुर बनाएं।



## खबर संक्षेप

### धर्मांतरण का प्रयास कर रहे तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार





**दरिमा।** धर्मांतरण का प्रयास करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि दरिमा पुलिस को शिकायत मिली थी कि जयप्रकाश साव व अजित कुमार कुजूर कुम्हरता गवरडांड में झकल राम प्रजापति के यहां 50 से अधिक की संख्या में लोगों को एकत्रित कर विद्वेषपूर्ण तरीके से बीमारी, परेशानी दूर करने का झांसा देकर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो संदेही युवक धर्मांतरण करते मिले। ऐसे में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रायगढ़ खरसिया निवासी हाल मुकाम सीतापुर चलता निवासी 40 वर्षीय जयप्रकाश साव आ. पन्ना लाल साव, सीतापुर मंगारी निवासी 28 वर्षीय अजित कुमार कुजूर आ. मोहर साय, दरिमा कुम्हरता गवरडांड निवासी 38 वर्षीय झकल राम प्रजापति आ. स्व. अंतराम को बीएनएस की धारा 299, 3(5) एवं छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 1968 की धारा 4 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में दरिमा थाना प्रभारी राजेश खलखो, प्रधान आरक्षक सुजीत पाल, शत्रुधन सिंह, आरक्षक टिकेश्वर, श्यामलाल केरकेट्टा सक्रिय रहे।

### धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सोनगर।** भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम बुंदिया निवासी सुरेश कुमार आ.कुंवर साय उरांव (35वर्ष) थाने में 19 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 19 अक्टूबर की सुबह 8 बजे गांव का सुरेश आ. बाबूलाल घर आकर बोला कि बच्चू उरांव के घर बुला रहे हैं। जब सुरेश बच्चू के घर गया तो वहां पर बज्जू मिंज,जीवन लकड़ा, शिव टोप्पो, धीरन टोप्पो मिले और बोले की हिंदू धर्म के देवी देवताओं को मानने से कोई फायदा नहीं है। धर्म विशेष को अपनाने से सभी प्रकार की बीमारी एवं गरीबी दूर हो जाता है एवं गांव में सरकारी जमीन का पट्टा भी बन जाता है। गांव के ही फूल कंवर एवं उसके पति बिरजू लोगों के नाम पर सरकारी जमीन पट्टा बन गया है। सुरेश को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 299, 354, 196, 197, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया। सबूत पाए जाने पर पुलिस ने आरोपी बज्जू आ. फउदा (45 वर्ष), शिवा आ. पांडू (56 वर्ष), जीवन लकड़ा आ. अघनु, दिन टोप्पो आ. शिव टोप्पो को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मना दीपोत्सव

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में पूरे हर्षोल्लास के साथ दीपावली का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर सबसे पहले विशेष प्रातः सभा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी द्वारा मां लक्ष्मी एवं बुद्धि के दाता भगवान श्री गणेश के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन तथा माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात कक्षा दूसरी के विद्यार्थी जिज्ञांश आर्या द्वारा इस विशेष दिन के महत्व को बताने के लिए भाषण प्रस्तुत किया गया। कक्षा चौथी के छात्र-छात्राओं गीत की प्रस्तुति दी गई। वहीं कक्षा दूसरी के छात्र-छात्राओं द्वारा माता शबरी एवं भगवान श्रीराम के लिए उनके प्रेम पर आधारित एक नाटक प्रस्तुत किया गया। इस भावनात्मक प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के पश्चात विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा दीपावली पर्व की महत्व को बताने के लिए एक शानदार नाट्य प्रस्तुति दी गई। इस नाटक के द्वारा विद्यालय के वरिष्ठ छात्र-छात्राओं ने सत्य की जीत तथा भगवान श्रीराम के आदर्शों तथा मूल्यों को विद्यालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

### रोड मरम्मत व शराब बंदी से टपरदा में खुशियां



**पुसौर।** जनपद पुसौर के टपरदा ग्राम पंचायत में सरपंच दिनेश जांगड़े ने जनहित से जुड़ी दो बड़ी समस्याओं सड़क मरम्मत और शराबबंदी पर प्रभावी पहल कर क्षेत्रवासियों का दिल जीत लिया है। फ्लाई ऐश परिवहन से खराब हुई सड़कों और महुआ शराब निर्माण से उत्पन्न असंतोष को देखते हुए सरपंच दिनेश जांगड़े ने आगे बढ़कर समाधान की दिशा में कदम उठाया। उन्होंने गांव में घर घर जाकर लोगों से शराब नहीं बनाने का निवेदन किया और जो लोग शराब निर्माण को रोजगार के रूप में कर रहे थे, उन्हें वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध कराया। वहीं सड़क मरम्मत के लिए उन्होंने बजरी और गिट्टी डालकर जगह जगह रास्तों को सुगम बनाया, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। महिला समितियों, पूर्व सरपंच सुनील पांडे और आम नागरिकों ने सरपंच दिनेश जांगड़े के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने जनजीवन से जुड़ी समस्याओं का तत्काल समाधान कर क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनाया है। ग्रामीणों ने सरपंच दिनेश जांगड़े के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में गांव विकास की राह पर अग्रसर है।

## दीपावली के दिन हुई दुर्घटना में बुझे में घरों के चिराग

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार युवकों की मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में दीपावली के दिन अलग-अलग सड़क हादसो में चार युवकों की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। परिजनों की रिपोर्ट के बाद पुलिस मिनी बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार धोबीलाल सिदार, निवासी कलमा ने जूटमिल थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया है कि कल दोपहर उसका बेटा भोजकुमार सिदार 31 साल, अपनी पत्नी सुनीता और बच्चे को लेकर हितांशु को लेकर चंद्रपुर से रायगढ़ जा रहा था। बाईक सवार तीनों जब टुरकुमुडा के पास स्थित छठघाट के पास पहुंचे ही थे कि सामने की तरफ से आ रहे फोर्स कंपनी की ट्रैवलर मिनी बस क्रमांक सी जी 13 बी ई 8734 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवारों को जोरदार ठोकर मार दिया। इस दौरान महिला और बच्चा दूर छिटक गए और इस बीच भोज कुमार सिदार मिनी बस के नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं महिला और बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज जारी है। मृतक के पिता की रिपोर्ट के बाद जूटमिल पुलिस मिनी बस चालक के खिलाफ 184, 106,(1) 125(ए) 281 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

### दूसरी घटना

तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खुरूसलेंगा गांव के पास कल शाम 6 बजे के आसपास एंबुलेंस को साइड देने के दौरान बाईक क्रमांक सीजी 13 बीडी 1305 का चालक राजकुमार यादव 32 साल, निवासी धौराभांठा अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा जिससे तेज रफ्तार बाईक सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई, इस दुर्घटना में सिर में गंभीर चोट के अलावा जबड़ा टूटने से राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक युवक के शव को अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### तीसरी घटना

कोतरोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भगवानपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाईडर से टकरा जाने से बाईक चला रहे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं उसके साथी को गंभीर चोट आने की स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि बाईक सवार दोनों युवक किसी काम के सिलसिले में रायगढ़ आ रहे थे इस दौरान दोपहर करीब सवा तीन बजे जब वे भगवानपुर के पास पहुंचे ही थे कि बाईक चालक अपने वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और यह घटना हो गई। फिलहाल पुलिस मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### चौथी घटना

मंगलवार की सुबह जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले छातामुड़ा चैक के पास एनएच 49 में डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार बनमाली कवरिया निवासी तेलीपाली की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही जूटमिल थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## राउरकेला में तीन मौत, अलग-अलग सड़क हादसों ने छीन ली खुशियां

**राउरकेला।** दीवाली के उल्लास के बीच राउरकेला व आसपास के क्षेत्रों में सड़क हादसों की काली छाया छा गई। बीती रात अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान कुलुंगा गोइभांगा निवासी अमर चाँद यादव उम्र 59 वर्ष, बिहार रक्सौल के ट्रेलर ड्राइवर कृष्णा महतो उम्र 29 वर्ष और गुरुंडिया बनईकला सापलता के बुधु ओराम उम्र 32 वर्ष के रूप में हुई है।

गंभीर रूप से घायल रोहन विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष, संतोष महादेव उम्र 21 वर्ष और श्रीकांत सिंहना 20 को राउरकेला सरकारी अस्पताल आरजीएच में भर्ती कराया गया, जहाँ से रोहन को बाद में एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। अज्ञात वाहन की टक्कर में गई एक की जान- जानकारी के अनुसार, रात करीब 8:30 बजे अमर चाँद यादव बाइक से कुलुंगा से गोइभांगा लौट रहे थे। रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अवस्था में आरजीएच ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### ट्रेलर पलटने से ड्राइवर की मौत

राष्ट्रीय राजमार्ग-143 पर बिरतोला के पास लोहे से लदा ट्रेलर ओडी 29पी-9717 असंतुलित होकर पलट गया। ड्राइवर कृष्णा महतो वाहन में फँस गए और मौके पर ही दम तोड़ दिया। चांदीपोश पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने काटने वाले उपकरणों की मदद से शव को बाहर निकाला।

### बाइक फिसलने से युवक की जान गई

गुरुंडिया क्षेत्र में बुधु ओराम बाइक ओडी 14 एएक्स-5222 से बनईकला सापलता लौट रहे थे, तभी स्पीड ब्रेकर पर संतुलन बिगड़ने से गिर पड़े। उन्हें गुरुंडिया अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## कबाड़ी पर हमला कर नकद मोबाइल की लूट, जांच जारी



**रायगढ़।** जिले में बुधवार की सुबह घूम-घूमकर कबाड़ का काम करने वाले व्यवसायी के उपर दो अज्ञात आरोपियों हमला करते हुए नकदी रकम के अलावा मोबाईल फोन की लूट की घटना को अंजाम दिया है। मामला छाल थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार छाल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खेदापाली में किराये के मकान में रहने वाला बरजहान शेख 56 साल मूलतः पश्चिम बंगाल का रहने वाला है जो कि छाल क्षेत्र में कबाड़ का काम करके जीवन यापन करते आ रहा है। आज सुबह वह रोजाना की भांति अपने काम में गया हुआ था। इस दरम्यान जब वह नावापारा एसईसीएल प्रबंधन कार्यालय के पास पहुंचा ही था कि पीछे से दो अज्ञात लोगों ने उसके सिर और कान के पास हमला करते हुए उसके पास रखे नगदी रकम 6 हजार रूपये के अलावा मोबाईल फोन लूटकर जंगल की तरफ फरार हो गए। बहरहाल पीड़ति ने प्रारंभिक उपचार के बाद छाल थाना पहुंचकर उक्त मामले की शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

## डबरी में मिली युवक की संदिग्ध अवस्था में लाश



**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में बुधवार की सुबह डबरी में एक युवक की संदिग्ध लाश मिली है। युवक के चेहरे के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान मिले है। जिससे यह पूरा मामला हत्या की आशंका जताई जा रही है।

मामला धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के चांदमारी में स्थित डबरी में आज सुबह कैलाश सारथी 19 साल, निवासी डुगरूपारा की लाश मिलने से मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। जिसके बाद गांव के ग्रामीणों ने धरमजयगढ़ पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मृतक मर्ग पंचनामा कार्रवाई पश्चात मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है। गांव के ग्रामीणों ने अनुसार मृतक युवक के चेहरे के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में चोट के निशान मिले हैं जिससे उन्हें आशंका है कि युवक की हत्या करके अज्ञात आरोपियों ने शव को डबरी में फेंका गया होगा। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी की मौतः तीन आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अंतर्गत रायगढ़ वनमंडल के तमनार वन परिक्षेत्र में हाथी की मौत के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए वन विभाग की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वन मंत्री और प्रधान मुख्य वन संरक्षक (मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक) के वन्य अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति और सख्त निर्देशों के तहत की गई है। मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) बिलासपुर श्री मनोज पांडे और वनमंडलाधिकारी रायगढ़ श्री अरविंद पीएम के मार्गदर्शन में टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को हिरासत में लिया।

कार्यवाही का नेतृत्व उपवनमंडलाधिकारी घरघोड़ा श्री मनमोहन मिश्रा एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री विक्रांत कुमार द्वारा किया गया। आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 9 और 51 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विधिक प्रक्रिया अपनाई गई। गिरफ्तार आरोपियों में केराखोल निवासी बसंत राठिया एवं वीर सिंह मांझी तथा औराईमुड़ा निवासी रामनाथ राठिया शामिल है। तीनों आरोपियों को माननीय न्यायालय, घरघोड़ा में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिनों की न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। वन विभाग द्वारा मामले की जांच अभी जारी है और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन्यजीव अपराधों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। वन विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में सहयोग करें। यदि किसी को वन्यजीवों के शिकार या अन्य अवैध गतिविधियों की जानकारी हो, तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें। आपकी जागरूकता ही वन्य जीवन की रक्षा का सबसे बड़ा साधन है।

## पुसौर में कसेर समाज द्वारा निभाई जाती है बड़बड़िया प्रथा



**पुसौर।** दीपावली जहाँ पूरे देश में माँ लक्ष्मी के पूजन का पर्व माना जाता है वहीं रायगढ़ जिले के पुसौर क्षेत्र में यह दिन कसेर समाज के लिए विशेष महत्व रखता है। यहां दीपावली के दिन बड़बड़िया प्रथा के अंतर्गत अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और आभार व्यक्त करने की विशेष परंपरा निभाई जाती है। यह प्रथा ओडिशा के तेली और कसेर समाज में भी प्रचलित है।

इस प्रथा के अनुसार कसेर समाज के लोग मंदिर के सामने एकत्र होकर सोल लकड़ी की छड़ी में कपड़ा लपेट कर उसमें घी डालकर अग्नि प्रज्वलित करते हैं। इसके बाद आकाश की ओर मुख करके इस अग्नि को दिखाते हैंए जो पूर्वजों को प्रकाश देने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की मान्यता से जुड़ा हुआ है। इस प्रक्रिया को समाजजन बड़े श्रद्धा भाव से निभाते हैं। एनटीपीसी लारा एच आर विभाग में मुख्य प्रबंधक के पद पर कार्यरत बीपी साहू ने ओडिशा स्थित अपने निवास काला हांडी में इस परंपरा को अपने परिजनों के साथ बड़े धूमधाम से मनाया। उन्होंने इसे पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त करने की एक अनूठी विधा बताया।

पुसौर के वरिष्ठ नागरिक और कसेर समाज के प्रतिष्ठित सदस्य रामेश्वर महाणा ने बताया कि यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है। इस अवसर पर एक विशेष प्रसाद भी तैयार किया जाता है, जिसमें उबलते दूध और शक्कर में चावल के आटे के गोल लड्डू बनाए जाते हैं। ठंडा होने पर इसे पूर्वजों को भोग लगाया जाता है। नगर पंचायत पुसौर के उपाध्यक्ष उमेश साव ने बताया कि बड़बड़िया प्रथा अन्य किसी समाज में देखने को नहीं मिलती। अधिकतर समाज पूर्वजों को पितृ पक्ष में ही याद करते हैं, लेकिन कसेर समाज दीपावली के शुभ दिन अपने पूर्वजों को सम्मान देने का विशेष अवसर मानता है। यह परंपरा समाज की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है।

## समूह नृत्य से अर्जित धन से वृद्धजन को भेंट किए उपहार



**बैकुंठपुर।** दीपावली पर्व को अनोखे अंदाज में मनाते हुए शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की छात्राओं ने इस वर्ष वृद्धाश्रम में दीपावली मनाकर मानवता और सेवा की मिसाल पेश की।

यह कार्यक्रम भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली से प्रायोजित तथा संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। आयोजन का नेतृत्व कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एसएन पांडेय, जिला संगठक प्रो. एमसी हिमधर और महाविद्यालय की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने किया। 18 अक्टूबर को छात्राएं ग्राम धौराटिकरा स्थित वृद्धाश्रम पहुंचीं, जहां उन्होंने वहां के वरिष्ठ नागरिकों के साथ दीपावली का उल्लास साझा किया। इस दीपावली की सबसे खास बात यह रही कि इसमें पटाखे नहीं फोड़े गए, बल्कि छात्राओं ने अपने समूह नृत्य प्रस्तुतियों जैसे दुर्गा पूजा, गणेश पूजा आदि अवसरों पर से एकत्रित धन का सदुपयोग करते हुए वृद्धजन के लिए दैनिक उपयोग की वस्तुएं खरीदी और उन्हें भेंट कीं। उपहार प्राप्त कर वृद्धजन के चेहरों पर प्रसन्नता और आशीर्वाद की मुस्कान देखने लायक थी।

## दीयों की रौशनी से जगमगाईं महिलाओं की उम्मीदें

**राउरकेला।** दीपावली के पावन अवसर पर एनआईटी राउरकेला के सामाजिक सेवा क्लब आसरा ने अपने वार्षिक दीया प्रोजेक्ट के माध्यम से उत्सव को सेवा और संवेदना के रंगों से भर दिया।

हर वर्ष की तरह इस बार भी आसरा क्लब के छात्र स्वयंसेवकों ने आस पास की बस्तियों की वंचित महिलाओं द्वारा बनाए गए सुंदर हस्तनिर्मित दीयों की बिक्री की। इन दीयों की बिक्री से प्राप्त समस्त लाभ राशि सीधे उन महिलाओं को दी गई, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें और दीपावली हर्षोल्लास से मना सकें। इस वर्ष 59 से अधिक महिलाओं ने इस परियोजना में भाग लिया और अपने हुनर, धैर्य व कलात्मकता से सुंदर दीयों का निर्माण किया। दीया प्रोजेक्ट की सफलता के उपलक्ष्य में दीपावली की शाम ओएसएपी और सेक्टर 21 क्षेत्रों में एक छोटा सा समारोह आयोजित किया गया, जिसमें एनआईटी राउरकेला के डीन एआईआईआर प्रो. एचबी साहू, क्लब अध्यक्ष भास्कर सिंह तथा क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह पहल एनआईटी राउरकेला समुदाय के विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय निवासियों के सहयोग से और अधिक सार्थक बन सकी।

### बसनारा, रसौकी जंगल एवं रेडिया नदी किनारे मिला पदचिन्ह

# चांदनी-बिहारपुर में बाघ की मौजूदगी से ग्रामीणों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर।



गुरू घासीदास-तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व से सटे चांदनी बिहारपुर क्षेत्र में बाघ की धमक से एक बार फिर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। सूचना पर वन अमला अलर्ट हो गया है तथा बाघ के भ्रमण की जानकारी एकत्र कर रहा है।

गुरु घासीदास नेशनल पार्क के रास्ते सालों भर बाघ सहित अन्य हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही होते रहती है। पिछले डेढ़ सालों से हिंसक वन्य जीवों की हलचल तेज हुई है। बाघ सहित अन्य हिंसक वन्य जीवों की मौजूदगी को सरगुजा के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटा होने के कारण पूर्व में भी गुरु घासीदास नेशनल पार्क के रास्ते बाघ सरगुजा पहुंचते थे तथा विभिन्न जंगलों का भ्रमण कर वापस लौट जाते थे लेकिन गुरु घासीदास नेशनल पार्क और तमोर पिंगला अभ्यारण्य में अनुकूल परिस्थतियों के निर्मित होने के बाद अब बाघ सहित अन्य हिंसक जीव यहां लम्बे समय तक रुक रहे है। डेढ़ महीने पूर्व भी गुरु घासीदास टाईगर रिजर्व से सटे मोहरसोप जंगल सहित आस पास के क्षेत्रों में बाघ के पदचिन्ह देखे गए थे। दो दिन पूर्व बसनारा जंगल में बाघ का पदचिन्ह देखा तो वन अधिकारियों को सूचना दी। वन अधिकारियों ने पदचिन्ह का निरीक्षण कर जंगल में बाघ के मोजूद होने की पुष्टि की थी। शनिवार को रसौकी जंगल में जबकि रविवार को गढ़वतिया देवी धाम के आस रेड़ीया नदी किनारे बाघ का पदचिन्ह पाया गया है। टाइगर रिजर्व से सटे जंगल एवं नदी किनारे पदचिन्ह मिलने पर वन अमला सतर्क हो गया है तथा बाघ के भ्रमण की जानकारियां एकत्र कर रहा है। वनकर्मी ग्रामीणों को भी जंगल में बाघ के मौजूद होने का हवाला देकर जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दे रहे है। इस संबंध में डिप्टी रेंजर सूर्यभान सिंह ने बताया कि जंगल में बाघ के मौजूद होने की सूचना मिली है। वनकर्मी बाघ की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है।

### नहीं मिली है शिकार करने की सूचना

क्षेत्र के जंगलों में तीन दिन से बाघ के मौजूद होने के बावजूद अभी तक उसके द्वारा किसी मवेशी का शिकार करने की सूचना नहीं मिली है। अनुमान लगाया जा रहा है कि बाघ भूखा है तथा कभी भी जंगल में चरने जाने वाले मवेशियों को अपना शिकार बना सकता है। खतरे को देखते हुए वनकर्मी ग्रामीणों को मवेशियों को चराने के लिए जंगल में नहीं जाने तथा स्वयं भी सतर्कता बरतने के लिए जागरूक कर रहे है। क्षेत्र में बाद के मौजूद होने की सूचना पर गामीण भयभीत है तथा जंगल की ओर जाने से बच रहे है।

### बढ़ रही है शाकाहारी जीवों की संख्या

गुरु घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का गठन होने के पूर्व से ही वन अमला जंगल को बाघों के रहवास के अनुकूल बनाने की कोशिशें कर रहा है। पूर्व में विभाग द्वारा गुरु घासीदास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभ्यारण्य में बड़ी संख्या में शाकाहारी वन्य जीवों को छोड़ा गया था। इन शाकाहारी वन्य जीवों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। जंगल में वन्य जीवों के मौजूद रहने पर बाघों को आसानी से शिकार उपलब्ध हो सकेगा तथा वे लम्बे समय तक टाइगर रिजर्व में ठहरने के साथ ही अपने कुनबे को बढ़ा सकेंगे।

